Date: 15th April, 2023

| | |
|---|---|
| The Listing Department | The Listing Department |
| BSE Limited | The National Stock Exchange of India Limited |
| Phiroze Jeejeebhoy Towers, | Exchange Plaza, |
| Dalal Street, | Bandra Kurla Complex, |
| Mumbai – 400001 | Bandra (E), Mumbai - 400051 |
| Symbol: 532934 | Symbol: PPAP |

**Subject: Newspaper Advertisement confirming dispatch of Postal Ballot Notice**

Dear Sir,

In continuation to earlier letter dated 14th April, 2023 regarding the Postal Ballot Notice, we enclose, in terms of Regulation 30 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, copies of the newspaper clippings of the advertisement published on 15th April, 2023 regarding completion of dispatch of the Postal Ballot Notice to the shareholders, in the following newspapers:

1) Business Standard (English) - All India
2) Business Standard (Hindi) - NCT of Delhi

You are requested to take the same on records.

Thanking you,

Yours Faithfully,
for **PPAP Automotive Limited**

PANKHURI AGARWAL
Digitally signed by PANKHURI AGARWAL
Date: 2023.04.15 12:49:17 +05'30'

**Pankhuri Agarwal**
**Company Secretary and Compliance Officer**

Encl: As above

# MCA portal sees 20x surge in valid users

## A key feature of the portal is to identify the transactions by linking each user ID with PAN number

RUCHIKA CHITRAVANSHI
New Delhi, 14 April

After glitches in Version 3 of its MCA21 portal, the corporate affairs ministry has seen a 20 times increase in the number of authenticated users, including company directors and business users, since January 23, government sources said.

A key feature of the new version is to identify the people transacting on its portal by linking each user ID with the person's permanent account number (PAN), followed by a two-factor authentication through mobiles and email IDs. Those who cannot complete the KYC requirements cannot use the portal.

Between January 23 and April 12, the number of unique KYC users registered on the portal went up from 30,000 to 600,000. The government is planning to link these user IDs with the Aadhaar numbers concerned, apart from PANs, in the near-future as part of the KYC requirement.

The director identification number (DIN) is also authenticated through the PAN.

"Many people were creating multiple user ID passwords and transacting on the portal. So if we were to issue any show-cause notice it would go to some IP address. Now we have the identity of people behind these IDs and it brings greater transparency and accountability," a senior government official said.

While one user ID can be associated with a PAN, professionals such as chartered accountants and company secretaries are allowed to link or merge multiple IDs using their professional registration numbers.

Version 3 was launched first for limited liability partnerships on March 8 last year. On January 23 this year, the ministry had shifted nearly 56 forms to the new portal, after which many professionals had complained about technical glitches.

Government sources said they were stabilising the system and working to make the portal more user-friendly and resolve issues related to sinking the data on the old portal with the new.

"We have asked L&T Infotech to identify the technical glitches, the data not matching and steps that taken to resolve it online," the official said.

The ministry said on April 10, there were almost 1,200 applications getting approved on Version 3, which is the highest done in a day.

"Eight hundred-nine hundred companies are being registered every day on the new portal. We have reached almost the same level of Version 2 and most of the issues have been resolved," the official added.

However, there is concern, including from the Ministry of Home Affairs, about a large number of shell companies being formed and therefore a need is being felt to balance the ease of doing business with a greater level of control.

The MCA is trying to work out how it can control the number of companies that can be registered using one user ID. It recently found an instance where almost 1,500 companies had been created using one user ID.

The MCA has a limit on the number of audits an auditor can do but no such limit on company registrations exists. While the government has received a suggestion on putting a cap on the number of companies that can be registered by a user, it could also ask companies to provide geo-locations of offices.

"Companies have to upload a photograph of the office, but in the app we will launch, we can enable the geo-location feature just like it has been done in the PM Awaas Yojana," the official said. He said there had been occasions when the investigation officer went to the address provided but no office existed there.

The ministry of corporate affairs is trying to identify alert signals on the portal to report on any unusual activity, such as a sudden increase in assets and the number of registration per user.



ILLUSTRATION: BINAY SINHA

### AFTER THE FIX

- **Between January 23 and April 12**, the number of unique KYC users registered on the MCA Version 3 portal has gone up from 30,000 to 600,000
- **The government is also planning to link** these user IDs with their Aadhar numbers in the near future and not just PAN as part of the KYC requirement
- **Professionals such as chartered accountants** and company secretaries are allowed to link or merge multiple IDs using their professional registration number
- **Government stabilising the system** and working to make the portal more user friendly, say sources
- **The MCA, on April 10, said** it saw almost 1,200 applications getting approved on Version 3

# Lynk eyes telcos for satellite direct to mobiles

SURAJEET DAS GUPTA
New Delhi, 14 April

American mobile technology player Lynk Global has made a presentation to Indian telcos to partner with them to offer the world's first patented, proven and commercial satellite direct to a standard mobile phone system.

Last year, the Federal Communications Commission in the US granted Lynk the first ever licence under this new technology.

Lynk says that anyone who has a normal mobile phone in their pocket can now stay connected without any disruption or break everywhere including in spaces where there are 'dark spots' or no coverage at all on a terrestrial mobile network.

The company is putting up small satellites which it calls 'cell towers in the sky' to provide coverage in these areas.

This obviates the need for consumers to carry two different phones, one for normal mobile services and the other for satellite-based services which are currently pretty expensive, though work is on to make them more affordable and lighter.

The technology will also provide a cost-effective way to connect the over one billion people around the globe who do not use mobiles because there is no connectivity in their areas.

In its presentation to Reliance Jio, Lynk explained the business model. One, the mobile network operator does not have to put in anything more in capex and opex. Two, Lynk will make money by getting into a revenue share from traffic generated by its subscribers.

For inbound roaming for subscribers, Lynk would, for example, share Reliance Jio's spectrum as it does not have any spectrum of its own in India.

**Lynk is putting up small satellites which it calls 'cell towers in the sky' to provide coverage**

Telcos say the march of technology is already happening pretty fast with companies such as Apple already announcing that the iPhone 14 will offer satellite and terrestrial services.

Lynk is finalising contracts to launch the service with around 12 mobile network operators around the globe. A few days ago, it signed a contract with Telecel to provide services to Vodafone Ghana which will ensure 100 per cent mobile coverage for the 31 million inhabitants.

But Indian telcos say Lynk's offer here will open up some knotty regulatory issues in spectrum which will need resolving. One is whether the TRAI and the government will enable flexibility of usage in certain spectrum bands which can be used for both satellite and terrestrial, leaving the choice with the operators.

Reliance Jio has been pushing for this flexibility in the 27.5 GHz to 29.5 GHz band. The issue has remained in abeyance due to opposition from satellite players. In its latest consultation paper, however, TRAI has re-opened the debate by asking for public consultation. It has asked for responses from stakeholders on the feasibility of the flexible use of spectrum in the 27.5- 28.5 GHz and between 28.5 GHz to 29.5 GHz for satellite as well as terrestrial.

The Department of Telecommunications in its reference has asked whether in 27.5 GHz to 28.5 GHz (which has been identified for International Mobile Telecommunications or IMT) and in 28.5 GHz to 29.5 GHz (which is for captive non-public networks), flexibility of its use with satellite spectrum can be provided.

One telco has already opposed the move, saying that captive networks are just a sub-set of terrestrial networks and, consequently, the scope of usage should be extended to telcos too.

# March qtr may be a mixed bag for IndiGo, SpiceJet

ANEESH PHADNIS
Mumbai, 14 April

InterGlobe Aviation, which operates IndiGo, India's largest domestic airline, is set to report its second successive profitable quarter during the period ended January-March 2023.

This comes amid higher traffic, strong load and better yield compared to the same period last year.

However, SpiceJet may slip into losses during the same quarter. This assessment of the aviation sector was made by brokerages in their fourth quarter results preview. Domestic traffic during January-March is estimated to have grown 5-6 per cent, sequentially, and by over 50 per cent on a year-on-year (YoY) basis.

Traffic in the sector has crossed pre-Covid levels and has sustained in the fourth quarter, which is traditionally a weak season for travel. As such, passenger yield is expected to have declined 11.5-12 per cent on a sequential basis due to the seasonality factor.

However, YoY yield improved 8 per cent in Q4 of FY23, according to Elara Securities.

IndiGo, which has seen domestic market share gain in February (55.9 per cent compared to 54.6 per cent in January), is estimated to post a net profit of ₹864 crore in Q4, according to Centrum Institutional Research. Elara Securities and Emkay Institutional Research have pegged IndiGo's net profit at ₹1,134 crore and ₹1,167 crore, respectively.

During the same period last year, InterGlobe Aviation had posted a net loss of ₹1,682 crore owing to high fuel expenses.

Meanwhile, Elara Securities estimates SpiceJet to post a net loss of ₹293 crore. While passenger volume for SpiceJet is expected to have increased 12 per cent YoY, it is likely to be flat on a sequential basis, it said.

"We remain positive on the aviation sector, given strong airfare discipline shown by the industry. Crude price softening augurs well for the sector. We remain positive on IndiGo as it is best placed to capture the expected 22 per cent demand growth in H2 with its new-age Neo planes. International route expansion is expected to further bolster its bottom line," Elara Securities said.


Azadi Ka Amrit Mahotsav
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
www.bankofbaroda.in

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**

Bank of Baroda invites applications for "Engagement of Consultant for Strategic Talent Management of the Bank".

RFP document containing complete details is available under the section 'Tenders' on the Bank's website: www.bankofbaroda.in

Any Addendum/Corrigendum including modification in the RFP document shall be notified on the Tenders Section on Bank's website: www.bankofbaroda.in Applicant should refer the same before final submission of the application.

Last date of submission of Application: **5th May 2023 upto 3:00 pm IST**

Place: Mumbai
Date: 15.04.2023

sd/-
General Manager - HRM

(7/23-24)




Get insights

from wherever you are

The **ALL-NEW Business Standard App**
Making Devices Smart, **Insight Out.**

Our all-new app brings a new level of ease in accessing what matters to you the most, from wherever you are. Your favourite columns, stock market updates, editorials, analysis and more! It's the same insightful business journalism you expect from us, with rich and intuitive features to enhance your reading experience.



**The Business Standard Morning Show**
New episodes at 8am, Monday to Friday

**Daily market insights**
Get detailed analysis and updates on the share market

**Go offline**
Online. Offline. Anytime. Stay connected, always

**Dark mode**
Introducing dark mode for easy reading

**Read to me**
Listen on the move


**Quick reads**
For when you don't have time

Download now from **bit.ly/BS_app**

Business Standard
Insight Out

bsindia bsindia business-standard.com







## TVS Eurogrip launches tyres for superbikes

Tyre maker TVS Eurogrip launched adventure touring and superbike tyres in Chennai on Friday. "Launching a range of adventure touring and superbike tyres is a big milestone for us, further augmenting our product range, which is already the widest in the category," said P Madhavan, executive vice president, Sales and Marketing, TVS Srichakra. It also unveiled new products in the motorcycle tubeless category. SHINE JACOB

## PTC India names 3 independent directors

Power trading solutions provider PTC India has appointed three retired officers of the Indian Administrative Service as independent directors. The company has also appointed Mahendra Kumar Gupta as a nominee director of NHPC. In a statement, PTC India informed about the appointments of Rashmi Verma, Jayant Dasgupta and Narendra Kumar as independent directors of the company with effect from Thursday. PTI


**PPAP AUTOMOTIVE LIMITED**
**CIN: L74899DL1995PLC073281**
**Registered Office:** 54, Okhla Industrial Estate, Phase-III, New Delhi-110020
**Corporate Office:** B-206A, Sector-81, Phase-II, Noida-201305, Uttar Pradesh
**Tel:** +91-120- 4093901
**Website:** www.ppapco.in, **E-mail ID:** investorservice@ppapco.com

**POSTAL BALLOT**

NOTICE is hereby given pursuant to the provisions of Section 110 read with Section 108 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 ("the Act") read with Rule 20 and Rule 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 ("the Rules") also read with General Circulars No. 14/2020 dated April 8, 2020, No. 17/2020 dated April 13, 2020, No. 22/2020 dated June 15, 2020, No. 33/2020 dated September 28, 2020, No. 39/2020 dated December 31, 2020 and No. 11/2022 dated December 28, 2022 issued by Ministry of Corporate Affairs ("MCA Circulars"), Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("the Listing Regulations") including any statutory modification or re-enactment thereof for the time being in force, Secretarial Standard -2 issued by the Institute of Company Secretaries of India and any other applicable laws and regulations, PPAP Automotive Limited ('the Company') has on **April 14, 2023 completed dispatch of the Postal Ballot Notice dated April 13, 2023 ('Postal Ballot Notice') by e-mail only** to the Members whose names appear in the Register of Members/List of Beneficial Owners as received from National Securities Depository Limited ('NSDL') and Central Depository Services (India) Limited ('CDSL') (hereinafter collectively referred to as 'the Depositories') and whose e-mail addresses are available with the Depositories, the Company or Registrar and Share Transfer Agent of the Company viz. Link Intime India Private Limited ('RTA') as on **April 7, 2023 ('Cut-Off Date').** The voting rights shall also be reckoned on the paid-up value of shares registered in the name(s) of the Member(s) as on the Cut-Off Date. A person whose name is recorded in the Register of Members/ Beneficial owners as on the cut-off date shall only be entitled to avail the facility of remote e-voting. Any recipient of the Postal Ballot Notice who was not a member of the Company as on the cut-off date should treat the Postal Ballot Notice for information purpose only.

The Postal Ballot Notice comprises of following resolution which are to be transacted through Postal Ballot by remote e-voting process (e-voting) only ("Postal Ballot").

| S.No. | Type of Resolution | Particulars |
|---|---|---|
| 1. | Special Resolution | To advance loan(s), to give guarantee(s) and provide security(ies) in terms of Sections 185 of the Companies Act, 2013 |

A copy of the Postal Ballot Notice is available on the website of the Company: www.ppapco.in and in the relevant section of the website of BSE Limited ('BSE'): www.bseindia.com, National Stock Exchange of India Ltd ('NSE'): www.nseindia.com, on which the equity shares of the Company are listed and also on the website of CDSL at www.evotingindia.com.

Hence, in compliance with the requirements of the MCA Circulars, hard copy of Postal Ballot Notice along with Postal Ballot form and pre-paid business reply envelope has not been sent to the Members for this Postal Ballot. The communication of the assent or dissent of the Members would only take place through the remote e-voting system.

The Company has engaged the services of Link Intime India Private Limited for providing remote e-voting facilities to the Eligible Members, to enable them to cast their vote electronically and in a secure manner.

The remote e-voting period commences on **Sunday, April 16, 2023 at 9.00 A.M.(IST) and ends on Monday, May 15, 2023 at 5:00 P.M. (IST) (both days inclusive).** The remote e-voting shall not be allowed beyond the said date and time.

Members who have not registered their E-mail ID are required to register their email addresses, in respect of electronic holding with their concerned Depository Participants and in respect of physical holding, with the Company's Share Transfer Agent i.e. Link Intime India Private Limited, Noble Heights, 1st Floor, Plot NH 2, C-1 Block LSC, Near Savitri Market, Janakpuri, New Delhi - 110058 by following due procedure, which is as under:

| In case, Physical Holding | In case, Demat Holding |
|---|---|
| Send a duly signed request letter to the RTA of the Company i.e. Link Intime India Private Limited, Noble Heights, 1st Floor, Plot NH 2, C-1 Block LSC, Near Savitri Market, Janakpuri, New Delhi - 110058 and provide the following details/documents for registering email address: **a)** Folio No., **b)** Name of shareholder, **c)** Email ID, **d)** Copy of PAN card (self attested), **e)** Copy of Aadhar (self attested), **f)** Copy of share certificate (front and back). Following additional details/documents need to be provided in case of updating Bank Account Detail: **a)** Name and Branch of the Bank in which you wish to receive the dividend, **b)** the Bank Account type, **c)** Bank Account Number, **d)** MICR Code Number, **e)** IFSC Code, **f)** Copy of the cancelled cheque bearing the name of the first shareholder. | Please contact your Depository Participant (DP) and register your email address and bank account details in your demat account, as per the process advised by your DP. |

**Members who are holding shares as on the cut-off date i.e. April 7, 2023 and who have not registered their e-mail may send an e-mail to investorservice@ppapco.com to receive copy of Postal Ballot Notice or download from the website of the Company i.e. www.ppapco.in and also from the websites of the stock exchanges where the shares of the Company are listed i.e. BSE Ltd. (www.bseindia.com) and National Stock Exchange of India Ltd. (www.nseindia.com) and can vote electronically after following the instructions as mentioned at point no. 10 of the Postal Ballot Notice.**

Contact details of the person responsible to address the queries/grievances connected with the voting by Postal Ballot including voting by electronic means are as under:-

i) Ms. Pankhuri Agarwal, Company Secretary and Compliance Officer, PPAP Automotive Limited, B-206A, Sector–81 Phase–II, Noida-201305, e-mail: investorservice@ppapco.com.

ii) Mr. Rajiv Ranjan, Link Intime INSTAVOTE helpdesk, enotices@linkintime.co.in/ rnt.helpdesk@linkintime.co.in, Tel no.: 022-4918 6000

The resolution, if passed by the requisite majority, shall be deemed to have been passed as if the same has been passed at a general meeting of the members convened in that behalf. The resolution, if approved by the requisite majority of members by means of Postal Ballot (i.e. remote e-voting), shall be deemed to have been passed on the last date specified by the Company for remote e-voting, i.e. Monday, May 15, 2023.

The results shall be declared on or before Wednesday, May 17, 2023 at 5:00 P.M. (IST) by posting the same on the website of the Company (www.ppapco.in), website of RTA (https://instavote.linkintime.co.in) and by filing with BSE Ltd. (www.bseindia.com) and National Stock Exchange of India Ltd. (www.nseindia.com) where shares of the Company are listed. It shall also be displayed on the Notice Board at the Registered Office & Corporate Office of the Company.

By order of the Board of Directors
**For PPAP Automotive Limited**
Sd/-
**Pankhuri Agarwal**
**Company Secretary and Compliance Officer**
Membership no.: A59103

Place: Noida
Date: 14th April, 2023

## संक्षेप में

### 40 करोड़ डॉलर जुटाने की तैयारी में रीन्यू पावर

रीन्यू पावर अपने पुराने ऋणों का पुनर्वित्त करने के लिए विदेशों में ग्रीन बॉन्ड के रूप में 40 करोड़ डॉलर जुटाने की योजना बना रही है। इसके साथ ही अक्षय ऊर्जा क्षेत्र की यह दिग्गज उन कई भारतीय कंपनियों में शामिल हो रही है, जो पुराने कर्ज चुकाने के लिए धन जुटा रही हैं। इस महीने की शुरुआत में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी दूरसंचार और नई ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 5 अरब डॉलर जुटाए। अदाणी समूह पुराने ऋणों का पुनर्वित्त करने के लिए 1.5 अरब डॉलर जुटाने के लिए बातचीत कर रहा है, जबकि वेदांत समूह भी 1.25 अरब डॉलर जुटाने के लिए बातचीत कर रहा है। *बीएस*

### फ्यूचर रिटेल के मामले में 90 दिन का और वक्त

राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ने फ्यूचर रिटेल (एफआरएल) को कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया पूरा करने के लिए 90 दिनों का और वक्त दिया है। एफआरएल की याचिका स्वीकार करते हुए राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने एफआरएल के सीआईआरपी को पूरा करने की समयसीमा बढ़ाकर 15 जुलाई, 2023 कर दी है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया, 'एनसीएलटी ने 13 अप्रैल, 2023 को याचिका पर सुनवाई की और एफआरएल द्वारा सीआईआरपी को पूरा करने के लिए 90 दिन का समय बढ़ाते हुए 15 जुलाई, 2023 तक का वक्त दिया।' *भाषा*

# टाटा मोटर्स भी बढ़ाएगी दाम

## 1 मई से यात्री वाहनों की कीमतों में 0.6 प्रतिशत तक का इजाफा कर रही कंपनी

**सोहिनी दास**
मुंबई, 14 अप्रैल

टाटा मोटर्स 1 मई से अपने यात्री वाहनों के दामों में लगभग 0.6 प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। कंपनी ने आज यह जानकारी दी। इसके साथ ही वह उद्योग की उन प्रतिस्पर्धियों में शामिल हो जाएगी, जिन्होंने वित्त वर्ष 24 की शुरुआत में इसी तरह की घोषणा की है।

टाटा मोटर्स ने तीन घोषणाओं के जरिये वित्त वर्ष 23 में यात्री वाहनों की कीमतों में 2.8 प्रतिशत तक का इजाफा किया है। कंपनी ने कहा कि 1 मई से कीमतों में यह 'मामूली' बढ़ोतरी संस्करण और मॉडल पर निर्भर करेगी।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि टाटा मोटर्स विनियामक परिवर्तनों और संपूर्ण इनपुट लागत में वृद्धि के कारण लागत में इजाफे का एक अच्छा-खासा हिस्सा वहन कर रही है, इसलिए इस वृद्धि के जरिये वह कुछ हिस्सा उपभोक्ता पर डालने के लिए विवश है।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सायम) के अनुसार वर्ष 2022-23 में यात्री वाहनों की घरेलू थोक बिक्री 26.7 प्रतिशत बढ़कर 38.9 लाख वाहन से भी अधिक हो चुकी है। वित्त वर्ष 24 में वाहन उद्योग को मात्रा में पांच से सात प्रतिशत का इजाफा होने की उम्मीद है।




### दाम वृद्धि की घोषणा

- वित्त वर्ष 24 की शुरुआत में दाम वृद्धि की घोषणा करने वाले प्रतिस्पर्धियों में शामिल हुई टाटा मोटर्स
- इससे पहले कंपनी ने अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में की थी 5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी
- उत्सर्जन संबंधी नए मानदंडों की दिशा में बढ़ रहा वाहन उद्योग
- इन मानकों को पूरा करने के लिए उद्योग को जूझना पड़ रहा है बढ़ती लागत से

भारत द्वारा बीएस 6 चरण 2 नामक नए उत्सर्जन मानदंडों की दिशा में बढ़ने से टाटा मोटर्स ने 1 अप्रैल से अपने वाणिज्यिक वाहनों के दामों में पांच प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की। पिछले वित्त वर्ष के बाद से वाणिज्यिक वाहनों के मामले में यह कंपनी की चौथी दाम बढ़ोतरी थी। पहली दाम वृद्धि की घोषणा मार्च की गई थी और यह अप्रैल 2022 में प्रभावी हो गई थी। कंपनी ने जुलाई 2022 और जनवरी 2023 में दोबारा वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में इजाफा किया, जिससे कुल वृद्धि तकरीबन 12 प्रतिशत हो गई।

वाहन निमाताओं की लागत बढ़ी है, क्योंकि करीब तीन तिमाहियों के बाद इस्पात कंपनियों ने अनुबंध कीमतों में वृद्धि का दबाव बनाया है। इस्पात लागत का योगदान कारों और यूटिलिटी वाहनों के लिए कुल कच्चे माल की लागत में करीब आठ प्रतिशत, दोपहिया में सात प्रतिशत और सीवी में 9 प्रतिशत है।

टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील और आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) इस्पात कीमतों में तेजी को ध्यान में रखते हुए अप्रैल-जून अनुबंधों के लिए वाहन मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के साथ बातचीत कर रही हैं। मारुति सुजूकी इंडिया (एमएसआईएल) ने मार्च में कहा कि वह अप्रैल से कीमतें बढ़ाएगी, हालांकि उसने इसका खुलासा नहीं किया कि कितनी कीमत वृद्धि की जाएगी।

टाटा मोटर्स और दोपहिया निर्माता हीरो मोटोकॉर्प ने कहा है कि वे 5 प्रतिशत और 2 प्रतिशत तक कीमतें बढ़ाएंगी, क्योंकि नए उत्सर्जन मानकों को पूरा करने के लिए उन्हें बढ़ती लागत से जूझना पड़ रहा है। दिसंबर से मार्च तक इस्पात की हाजिर कीमतें अमेरिका में करीब 49 प्रतिशत, यूरोप में 22 प्रतिशत तक बढ़ीं। घरेलू बाजार में 12 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की गई।

# रिलायंस वॉयकॉम 18 में बोधि ट्री ने घटाया निवेश

**रॉयटर्स**
बेंगलूरु, 14 अप्रैल




- मीडिया समूह में रिलायंस अब 108.39 अरब रुपये के साथ निवेश की कर रही है अगुआई
- वॉयकॉम 18 को बोधी ट्री से मिलेगा 43.06 अरब रुपये का निवेश

**रिलायंस** इंडस्ट्रीज की वॉयकॉम18 को बोधि ट्री से 43.06 अरब रुपये का निवेश मिलेगा, जो जेम्स मर्डोक व स्टार इंडिया के पूर्व अधिकारी के संयुक्त उद्यम की निवेश योजना का करीब 70 फीसदी है।

वॉयकॉम18 ने गुरुवार देर रात एक बयान में कहा कि मीडिया समूह में रिलायंस अब 108.39 अरब रुपये के साथ निवेश की अगुआई कर रही है।

पिछले साल मुकेश अंबानी की रिलायंस ने कहा था कि कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी समर्थित बोधि ट्री अब वॉयकॉम18 में 135 अरब रुपये निवेश करेगी जबकि पहले उसकी योजना 151.45 अरब रुपये के निवेश की थी।

सूत्रों ने कहा कि सौदे में नरमी के बीच व्यापक फंडिंग में सिकुड़न के कारण बोधि ट्री का निवेश घटा है। एक अन्य सूत्र ने कहा कि यह निवेश चरणों में बांटा गया है और यह पहले चरण का निवेश है। साथ ही आगे और निवेश किया जाएगा। उन्होंने यह नहीं बताया कि कुल कितना निवेश होगा और इसकी समयसीमा क्या होगी।

2023 की पहली तिमाही में वैश्विक स्तर पर विलय-अधिग्रहण की गतिविधियां एक दशक के निचले स्तर पर आ गई क्योंकि बढ़ती ब्याज दरें, उच्च महंगाई और मंदी के डर ने सौदे को लेकर दिलचस्पी घटा दी।

हर क्षेत्र में विस्तार कर रही रिलायंस 2023 से 2027 तक भारतीय प्रीमियर लीग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का डिजिटल स्ट्रीमिंग अधिकार हासिल करने के साथ पिछले साल भारतीय स्ट्रीमिंग स्पेस में उतरी थी।

अभी आईपीएल के सभी मैच दर्शकों को वॉयकॉम 18 के स्वामित्व वाले जियोसिनेमा पर मुफ्त में देखने को मिल रहे हैं। पिछले साल कतर में आयोजित फीफा वर्ल्ड कप की स्ट्रीमिंग भी मुफ्त की गई थी।

**पीपीएपी ऑटोमोटिव लिमिटेड**
सीआईएन : L74899DL1995PLC073281
पंजीकृत कार्यालय : 54, ओखला औद्योगिक एस्टेट, फेस–III, नई दिल्ली–110020
कॉरपोरेट कार्यालय : बी–206ए, सेक्टर–81, फेस–II, नोएडा–201305, उत्तर प्रदेश, फोन : +91-120- 4093901
वेबसाइट : www.ppapco.in,
ई–मेल आईडी : investorservice@ppapco.com

**पोस्टल बैलेट**

कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 108 के साथ पठित धारा 110 के प्रावधानों और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) के नियम 20 और नियम 22 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नियम, 2014 ('नियम') को सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, संख्या 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, संख्या 33/2020 दिनांक 28 सितंबर, 2020, संख्या 39/2020 दिनांक 31 दिसंबर, 2020 और संख्या 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022 कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ('एमसीए परिपत्र'), प्रतिभूति और विनिमय के विनियम 44 द्वारा जारी भारतीय बोर्ड (सूचीकरण बाध्यताएँ और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 ('सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ विनियम') जिसमें किसी भी वैधानिक संशोधन या उसके समय के लिए फिर से लागू होना शामिल है, भारत के कंपनी सचिवों के संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक–2 और कोई अन्य लागू कानून और नियम, पीपीएपी ऑटोमोटिव लिमिटेड ('कंपनी') ने **14 अप्रैल, 2023 को पोस्टल बैलेट नोटिस दिनांक 13 अप्रैल, 2023 ('पोस्टल बैलेट नोटिस') को ई–मेल** द्वारा केवल उन सदस्यों को भेजना पूरा कर लिया है, जिनके नाम सदस्यों / सूची के रजिस्टर में दिखाई देते हैं। लाभार्थी मालिकों की सूची नैशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉज़िटरी लिमिटेड ('NSDL') और सेंट्रल डिपॉज़िटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ('CDSL') (इसके बाद सामूहिक रूप से 'डिपॉज़िटरी' के रूप में संदर्भित) और जिनके ई–मेल पते डिपॉज़िटरी के पास उपलब्ध हैं, कंपनी या कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात् लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ('आरटीए') **7 अप्रैल, 2023 ('कट–ऑफ डेट')** तक। कट–ऑफ तारीख को सदस्य(यों) के नाम(मों) में पंजीकृत शेयरों के पेड–अप मूल्य पर भी मतदान के अधिकार की गणना की जाएगी। जिस व्यक्ति का नाम कट–ऑफ तारीख को सदस्यों / लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, वही रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हक़दार होगा। पोस्टल बैलेट नोटिस प्राप्त करने वाला कोई भी प्राप्तकर्ता जो कट–ऑफ तिथि के अनुसार कंपनी का सदस्य नहीं था, उसे पोस्टल बैलेट नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से मानना चाहिए।

पोस्टल बैलेट नोटिस में निम्नलिखित संकल्प शामिल होते हैं जिन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम से रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया (ई–वोटिंग) केवल (पोस्टल बैलट) द्वारा किया जाना है।

| क्रमांक | संकल्प के प्रकार | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | विशेष संकल्प | कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 के संदर्भ में अग्रिम ऋण(णों), गारंटी(ओं) देना और सुरक्षा(एँ) प्रदान करना। |

पोस्टल बैलेट नोटिस की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट : www.ppapco.in और बीएसई लिमिटेड ('बीएसई') की वेबसाइट के प्रासंगिक खंड में उपलब्ध है : www.bseindia.com, नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ('एनएसई'): www.nseindia.com, जिस पर कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी।

इसलिए, एमसीए परिपत्रों की आवश्यकताओं के अनुपालन में, पोस्टल बैलेट फॉर्म और प्री–पेड बिजनेस रिप्लाई लिफाफे के साथ पोस्टल बैलेट नोटिस की हार्ड–कॉपी इस पोस्टल बैलट के लिए सदस्यों को नहीं भेजी गई है। सहमति का संचार या सदस्यों की असहमति केवल रिमोट ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से होगी। कंपनी ने योग्य सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सेवाएं ली हैं, ताकि वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से और सुरक्षित तरीके से अपना वोट दे सकें।

रिमोट ई–वोटिंग की अवधि **रविवार, 16 अप्रैल, 2023 को सुबह 9.00 बजे (IST) से शुरू होगी, और सोमवार, 15 मई, 2023 को शाम 5:00 बजे (IST) (दोनों दिन शामिल)** समाप्त होता है। उक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

जिन सदस्यों ने अपनी ई–मेल आईडी पंजीकृत नहीं की है, उन्हें अपने संबंधित डिपॉज़िटरी के साथ इलेक्ट्रॉनिक होल्डिंग के संबंध में अपना ईमेल पता पंजीकृत करना आवश्यक है। प्रतिभागियों और कंपनी के शेयर ट्रांसफर एजेंट यानी लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नोबल हाइट्स, पहली मंजिल, प्लॉट एनएच 2, सी–1 ब्लॉक एलएससी, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 के साथ निम्नलिखित कारण से भौतिक होल्डिंग के संबंध में प्रक्रिया, जो इस प्रकार है :

| भौतिक होल्डिंग के मामले में | डीमैट होल्डिंग के मामले में |
|---|---|
| कंपनी के आरटीए यानी लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नोबल हाइट्स, पहली मंजिल, प्लॉट एनएच 2, सी–1 ब्लॉक एलएससी, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 को विधिवत् हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र भेजें और निम्नलिखित विवरण प्रदान करें / दस्तावेज ईमेल पता पंजीकृत करने के लिए : **क)** फोलियो नंबर, **ख)** शेयरधारक का नाम, **ग)** ईमेल आईडी, **घ)** पैन कार्ड की कॉपी (सेल्फ अटेस्टेड), **ङ)** आधार की कॉपी (सेल्फ अटेस्टेड), **च)** शेयर सर्टिफिकेट की कॉपी (आगे और पीछे)। बैंक खाता विवरण को अद्यतन करने के मामले में निम्नलिखित अतिरिक्त विवरण / दस्तावेज प्रदान करने की आवश्यकता है : **क)** बैंक का नाम और शाखा जिसमें आप लाभांश प्राप्त करना चाहते हैं, **ख)** बैंक खाता प्रकार, **ग)** बैंक खाता संख्या, **घ)** एमआईसीआर कोड नंबर, **ङ)** आईएफएससी कोड, **च)** पहले शेयरधारक के नाम वाले रद्द किए गए चेक की प्रति। | कृपया अपने डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से संपर्क करें और अपने डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार अपने डीमैट खाते में अपना ईमेल पता और बैंक खाता विवरण पंजीकृत करें। |

**जिन सदस्यों के पास कट–ऑफ तारीख यानी 7 अप्रैल, 2023 तक शेयर हैं और जिन्होंने अपना ई–मेल पंजीकृत नहीं किया है, वे डाक मतपत्र नोटिस की प्रति प्राप्त करने या वेबसाइट से डाउनलोड करने के लिए investorservice@ppapco.com पर ई–मेल भेज सकते हैं। कंपनी की वेबसाइट www.ppapco.in और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों से भी जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं यानी बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) और पोस्टल बैलेट सूचना के बिंदु संख्या 10 पर उल्लिखित निर्देशों का पालन करने के बाद इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान कर सकते हैं।**

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान सहित डाक मतपत्र द्वारा मतदान से संबंधित प्रश्नों / शिकायतों के समाधान के लिए जिम्मेदार व्यक्ति का संपर्क विवरण निम्नानुसार है :

i) सुश्री पंखुड़ी अग्रवाल, कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी, पीपीएपी ऑटोमोटिव लिमिटेड, बी–206ए, सेक्टर–81 फेज–II, नोएडा–201305, ई–मेल : investorservice@ppapco.com

ii) श्री राजीव रंजन, लिंक इनटाइम इंस्टावोट हेल्पडेस्क, enotices@linkintime.co.in/ rnt.helpdesk@linkintime.co.in दूरभाष संख्या : 022-4918 6000

संकल्प, यदि अपेक्षित बहुमत से पारित किया जाता है, तो पारित माना जाएगा जैसे कि उस संबंध में बुलाई गई सदस्यों की एक आम बैठक में पारित किया गया हो। यदि पोस्टल बैलेट (अर्थात रिमोट ई–वोटिंग) के माध्यम से सदस्यों के अपेक्षित बहुमत द्वारा संकल्प को अनुमोदित किया जाता है, तो कंपनी द्वारा रिमोट ई–वोटिंग के लिए निर्दिष्ट अंतिम तिथि, यानी सोमवार, 15 मई, 2023 को पारित माना जाएगा।

परिणाम बुधवार, 17 मई, 2023 को शाम 5:00 बजे (IST) या उससे पहले घोषित किए जाएंगे। कंपनी की वेबसाइट (www.ppapco.in) RTA की वेबसाइट (https://instavote.linkintime.co.in) पर पोस्ट करके और बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) पर फाइल करके और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं। इसे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय और कॉर्पोरेट कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया जाएगा।

निदेशक मंडल के आदेश से
**कृते पीपीएपी ऑटोमोटिव लिमिटेड**
हस्ता / –
**पंखुड़ी अग्रवाल**
**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी**
सदस्यता संख्या : A59103

स्थान : नोएडा
दिनांक : 14 अप्रैल, 2023

# मुनाफे के रनवे पर इंडिगो!

**अनीश फडणीस**
मुंबई, 14 अप्रैल

**देश** की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो का परिचालन करने वाली इंटरग्लोब एविएशन मार्च 2023 में समाप्त होने वाली चौथी तिमाही में लाभ दर्ज कर सकती है और इस तरह से लगातार दूसरी तिमाही में कंपनी मुनाफा अर्जित करेगी।

पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले ज्यादा हवाई परिवहन, ज्यादा सीटें भरे होने और बेहतर प्रतिफल रहने के कारण यह मुमकिन होगा। हालांकि स्पाइसजेट इस अवधि में नुकसान में फिसल सकती है। विमानन क्षेत्र का यह आकलन ब्रोकरेज फर्मों ने चौथी तिमाही के नतीजे पूर्व समीक्षा में किया है।

देसी हवाई परिवहन में जनवरी-मार्च के दौरान अनुमानित तौर पर क्रमिक आधार पर 5 से 6 फीसदी का इजाफा हुआ है और सालाना आधार पर इसमें 50 फीसदी से ज्यादा की उछाल आई है।

इस क्षेत्र में हवाई परिवहन कोविड-पूर्व स्तर के पार निकल गया है और चौथी तिमाही में यह टिका रहा, जो यात्रा के लिहाज से पारंपरिक तौर पर कमजोर सीजन माना जाता है। कमजोर सीजन के कारण हालांकि क्रमिक आधार पर यात्री प्रतिफल 11.5 से 12 फीसदी घटने की आशंका है। इलारा सिक्योरिटीज के मुताबिक, सालाना आधार पर हालांकि प्रतिफल वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 8 फीसदी सुधरा है।

फरवरी में देसी बाजार में हिस्सेदारी में बढ़ोतरी दर्ज करने वाली इंडिगो (जनवरी के 54.6 फीसदी के मुकाबले 55.9 फीसदी) चौथी तिमाही में 864 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित कर सकती है। यह कहना है सेंट्रम इंस्टिट्यूशनल रिसर्च का। इलारा सिक्योरिटीज और एमके इंस्टिट्यूशनल रिसर्च ने इंडिगो का शुद्ध लाभ क्रमशः 1,134 करोड़ रुपये व 1,167 करोड़ रुपये रहने का अनुमान जताया है। पिछले साल की समान अवधि में हालांकि इंटरग्लोब एविएशन ने 1,682 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान दर्ज किया था, जिसकी वजह ईंधन पर ज्यादाखर्च थी।

इस बीच, इलारा सिक्योरिटीज का अनुमान है कि स्पाइसजेट 293 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान दर्ज कर सकती है। स्पाइसजेट का पैसेंजर वॉल्यूम हालांकि सालाना आधार पर 12 फीसदी बढ़ने का अनुमान है, लेकिन क्रमिक आधार पर यह स्थिर रह सकता है।




- इंटरग्लोब एविएशन मार्च 2023 में समाप्त होने वाली चौथी तिमाही में दर्ज कर सकती है लाभ
- इस तरह से लगातार दूसरी तिमाही में कंपनी अर्जित करेगी मुनाफा
- ज्यादा हवाई परिवहन, ज्यादा सीटें भरने और बेहतर प्रतिफल के कारण मिलेगी कामयाबी
- हालांकि स्पाइसजेट इस अवधि में नुकसान में फिसल सकती है

इलारा सिक्योरिटीज ने कहा, हम विमानन क्षेत्र को लेकर सकारात्मक बने हुए हैं क्योंकि उद्योग ने हवाई किराए में मजबूत अनुशासन का प्रदर्शन किया है। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी इस क्षेत्र के लिए काफी फायदेमंद है। हम इंडिगो को लेकर सकारात्मक बने हुए हैं क्योंकि यह दूसरी छमाही में मांग में होने वाली बढ़ोतरी के 22 फीसदी हिस्से पर कब्जे के लिए बेहतर स्थिति में है और उसके पास नई पीढ़ी के नियो विमान भी हैं। अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर विस्तार से इसके मुनाफे में और बढ़ोतरी की उम्मीद है।

# ओयो इस वर्ष अमेरिका में जोड़ेगी सौ से ज्यादा होटल

**आर्यमन गुप्ता**
नई दिल्ली, 14 अप्रैल

**सॉफ्टबैंक-सम**र्थित हॉस्पिटैलिटी कंपनी ओयो इस साल अमेरिका में 100 से ज्यादा होटल जोड़ने की योजना बना रही है। यह वर्ष 2022 में उसके पोर्टफोलियो में जोड़े गए होटलों के मुकाबले करीब दोगुनी संख्या है।

ओयो रूम्स के संस्थापक एवं मुख्य कार्याधिकारी रितेश अग्रवाल ने कहा, 'हाल के वर्षों में अमेरिका ओयोरूम्स के लिए बेहद आशाजनक अंतरराष्ट्रीय बाजारों में से एक रहा है। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हमने इस साल ओरेगांव, वॉशिंगटन, टैक्सास, ओक्लाहोमा, जॉर्जिया और फ्लोरिडा में 100 से ज्यादा होटल खोलने की योजना बनाई है।'

अमेरिका में टैक्सस ओयो के लिए सबसे बड़ा और तेजी से बढ़ रहा बाजार बना हुआ है, जबकि ओरेगांव, दक्षिण एवं उत्तर कैरोलिना, फ्लोरिडा और जॉर्जिया में भी उसके होटलों की अच्छी खासी तादाद है।

अग्रवाल ने कहा, 'हालांकि 2020 और 2021 में महामारी की वजह से हमारी वृद्धि नरम पड़ी और 2022 हमारे लिए नए होटलों की संख्या में 23 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अच्छा वर्ष रहा।'

अमेरिका में होटल उद्योग को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और चूंकि नई कंपनी होने की वजह से भी ओयो को चुनौतियों से जूझना पड़ा। उन्होंने कहा, 'हालांकि अमेरिका में हमारे लिए वृद्धि का सबसे बड़ा वाहक लर्निंग सेगमेंट। हमारी टीमों ने होटल मालिकों के लिए समाधानों और उत्पादों के बारे में मिलकर काम किया और हमारे 35 प्रतिशत नए होटल मौजूदा होटल मालिकों के सुझावों या रेफरल के जरिये शामिल किए गए।'




नए होटल ओरेगांव, वॉशिंगटन, टैक्सस, ओक्लाहोमा, जॉर्जिया और फ्लोरिडा में खोले जाएंगे

इससे क्षेत्र में ओयो के लिए बेहतर ग्राहक विश्वास और ब्रांड लोकप्रियता को भी बढ़ावा मिला। कंपनी ने दावा किया है कि प्रति कमरा उसका राजस्व कई स्थानों पर उद्योग के मुकाबले तीन गुना ज्यादा रहा है। ओयो की करीब 41 प्रतिशत बुकिंग सीधे तौर पर उसके ऐप/वेबसाइट के जरिये दर्ज की गई।

ओयो इंटरनैशनल होटल्स ऐंड होम्स के मुख्य कार्याधिकारी गौतम स्वरूप ने कहा, 'हमारे अमेरिकी परिचालन ने 2022 में अच्छी वृद्धि दर्ज की। लेकिन 2023 हमारे लिए ज्यादा बेहतर वर्ष हो सकता है। हम ज्यादा रेवपार (प्रति उपलब्ध कमरा राजस्व) वाले बाजारों (पैसीफिक नॉर्थवेस्ट समेत) में होटल जोड़ने के प्रयास कर रहे हैं और ईस्ट कोस्ट में भी अपनी मौजूदगी बढ़ाने पर ध्यान देंगे। 2023 में अब तक 15 से ज्यादा होटलों ने हमारे साथ भागीदारी की है और आगामी महीनों में हम कई और होटल अपने साथ जुड़ने की उम्मीद कर रहे हैं।'

**सेबी ने आरटीआई के तहत किए गए आवेदन के जवाब में कहा ...**

# अदाणी एफपीओ पर जानकारी उपलब्ध नहीं

**खुशबू तिवारी**
मुंबई, 14 अप्रैल

**भारतीय** प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा है कि उसके पास अदाणी एंटरप्राइजेज (एईएल) के 20,000 करोड़ रुपये के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के लिए अभिदान करने वालों की जानकारी नहीं है।

बाजार नियामक ने सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत किए गए एक आवेदन के जवाब में यह बात कही, जिसमें निवेशक-वार और राशि-वार अभिदान का विवरण तथा एफपीओ रद्द करने की वजह पूछी गई थी।

जनवरी में अमेरिका की हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद एईएल के शेयरों में गिरावट के बीच पूर्ण अभिदान हासिल करने के बावजूद यह एफपीओ वापस ले लिया गया था।

31 जनवरी और 8 फरवरी को किसी प्रसेनजीत बोस द्वारा किए गए आरटीआई के दो अलग-अलग आवेदनों के लिए सेबी के जवाब पेश किए गए। बोस ने अपील प्राधिकरण के पास इस आधार पर अपील की थी कि मुख्य लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने मांगी गई जानकारी तक पहुंच से इनकार कर दिया था।

आरटीआई अधिनियम के तहत अपील प्राधिकरण ने कहा, उपरोक्त सवालों के जवाब में प्रतिवादी ने सूचित किया है कि मांगी गई जानकारी सेबी के पास उपलब्ध नहीं है। अपील को खारिज करते हुए अपील प्राधिकरण ने कहा कि जहां मांगी गई जानकारी सार्वजनिक प्राधिकरण के रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं होती है और जहां ऐसी जानकारी को किसी कानून या नियमों अथवा सार्वजनिक प्राधिकरण के विनियमों के तहत रखने की जरूरत नहीं होती है, वहां यह अधिनियम सार्वजनिक प्राधिकरण को ऐसी अनुपलब्ध जानकारी जुटाने या व्यवस्थित करने और फिर इसे आवेदक को प्रस्तुत करने के लिए बाध्य नहीं करता है।

उसी व्यक्ति द्वारा अन्य आरटीआई आवेदन हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट द्वारा किए गए खुलासे के संबंध में सेबी द्वारा जांच को लेकर किया गया था। इसमें मांगी गई जानकारी में यह बात भी शामिल है कि क्या नियामक को अदाणी समूह के खिलाफ शेयर की कीमतों में हेराफेरी, राउंड-ट्रिपिंग, लेखा की धोखाधड़ी और धन शोधन के संबंध में कोई शिकायत मिली थी। इसे भी इस आधार पर नकार दिया गया था कि वे स्पष्टीकरण या राय मांगने की प्रकृति वाले थे और उन्हें 'सूचना' के रूप में नहीं माना जा सकता था।

### सूचना अधिकार

- इसमें मांगा गया था निवेशक-वार और राशि-वार अभिदान का विवरण
- आरटीआई में पूछी गई थी एफपीओ रद्द करने की वजह
- हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों के बाद पूर्ण अभिदान हासिल करने के बावजूद वापस ले लिया गया था यह एफपीओ

# 6.30 अरब डॉलर बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार

**देश** का विदेशी मुद्रा भंडार 7 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 6.306 अरब डॉलर बढ़कर 584.755 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस वृद्धि के साथ पिछले दो सप्ताह से जारी गिरावट पर विराम लगा है। इससे पिछले सप्ताह, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 32.9 करोड़ डॉलर घटकर 578.42 अरब डॉलर रहा था। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

वैश्विक घटनाक्रमों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपये की विनिमय दर में तेज गिरावट को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने की वजह से बाद में इसमें गिरावट आई थी। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 7 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में, मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा, विदेशीमुद्रा आस्तियां 4.74 अरब डॉलर बढ़कर 514.431 अरब डॉलर हो गई। डॉलर में अभिव्यक्त किये की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसे गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि स्वर्ण भंडार का मूल्य आलोच्य सप्ताह में 1.496 अरब डॉलर बढ़कर 46.696 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.45 अरब डॉलर हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में रखा देश का मुद्रा भंडार 1.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.178 अरब डॉलर रहा। *भाषा*

**दिल्ली संस्करण :** बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस (प्रा) लिमिटेड, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301, उ.प्र. से मुद्रित एवं नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नईदिल्ली से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. DELHIN/2008/27804 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं